दिन– रविवार दिनांक– 05/07/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूसरे और तीसरे श्रेणी के शहरों में हवाई यात्रा को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना विकसित उड़ान का अगला चरण शुरू किया।
02. बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र बीस जुलाई से शुरू होगा। पच्चीस जुलाई तक चलेगी की कार्यवाही।
03. केन्द्र सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने और कीमतों पर नियंत्रण के लिए प्याज का खरीद मूल्य तेरह प्रतिशत बढ़कार दो हजार एक सौ पच्चीस रुपये प्रति क्विंटल किया।
04. और, महाराष्ट्र के नागपुर में संपन्न राष्ट्रीय अंडर सेवन ओपन चेस चैंपियनशिप में बिहार के रूद्र प्रताप चैंपियन।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूसरे और तीसरे श्रेणी के शहरों तथा दूर–दराज़ के क्षेत्रों में हवाई यात्रा को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना विकसित उड़ान का अगला चरण शुरू किया है। श्री मोदी ने कल राजस्थान के जोधपुर हवाई अडडे पर नए टर्मिनल भवन का भी उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना से भारत के नागर विमानन ढांचे और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा मिला है।

———बाइट———

इधर, नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि विकसित उड़ान योजना के शुरू होने से भारत के क्षेत्रीय संपर्क का अगला अध्याय शुरु होगा। श्री नायडू ने कहा कि 28 हजार आठ सौ 40 करोड़ रुपये से ज़्यादा के बजट के साथ शुरू की गई यह योजना दूसरे और तीसरे श्रेणी के शहरों में हवाई संपर्क को मज़बूत करेगी।

———बाइट———

---

बिहार विधान मंडल का मानसून सत्र बीस जुलाई से शुरू होगा। यह सत्र पच्चीस जुलाई तक आयोजित किया जायेगा। मानसून सत्र के पहले दिन सदन में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के अनुपूरक बजट पेश किये जायेंगे। अगले कार्य दिवस में इसपर सामान्य वाद–विवाद होगा और मतदान के बाद इसको मंजूरी दी जायेगी। इधर, संसद का मानसून सत्र बीस जुलाई से शुरू होगा और तेरह अगस्त तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बीस जुलाई से संसद का मानसून सत्र बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री रिजिजू ने कहा कि सत्र में राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सार्थक बहस, चर्चा और निर्णय लेने पर ध्यान दिया जाएगा।

————————————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने मूल्य स्थिरीकरण बफर के लिए प्याज की खरीद मूल्य में तेरह प्रतिशत की वृद्धि की है। प्याज की कीमत अब एक हजार आठ सौ पचहत्तर रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर दो हजार एक सौ पच्चीस रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि संशोधित खरीद मूल्य से प्याज उत्पादक किसानों को बेहतर लाभ मिलेगा और साथ ही बफर खरीद प्रयासों को भी बढ़ावा मिलेगा।

———बाइट———

————————————————————————————————————

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने मादक पदार्थों की मांग में कमी लाने के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना की शुरूआत की है। इसका उद्देश्य रोकथाम, जागरूकता पैदा करना, क्षमता निर्माण, उपचार, पुनर्वास और सामाजिक एकीकरण है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि इन पहलों का उद्देश्य जागरूकता, उपचार, पुनर्वास और सामाजिक एकीकरण के जरिये मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकना है।

————————————————————————————————————

ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अय्यातुल्ला सैयद अली खामेनेई के छह दिन का राष्ट्रव्यापी अंतिम संस्कार तेहरान में शुरू हुआ। ईरान के दिवंगत नेता को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए हजारों शोक संतप्त लोग एकत्रित हुए थे। हवाई हमले में मारे गये परिवार के सदस्यों के साथ रखे गये खामेनेई के ताबूत को देखकर शोक संतप्त लोगों ने प्रार्थना की। ईरान के वरिष्ठ नेता, सैन्य कमांडर और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों ने खामेनेई को श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्य के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन और विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने भारत का प्रतिनिधित्व किया।

---

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि इथेनॉल कोई नई अवधारणा नहीं है और इसका उपयोग एक सदी से अधिक समय से हो रहा है। राजस्थान में एक सभा को संबोधित करते हुए श्री पुरी ने कहा कि सरकार अपने जैव ईंधन मिश्रण कार्यक्रम की रचनात्मक आलोचना का स्वागत करती है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार सुझावों के अनुसार आवश्यक सुधार करेगी। श्री पुरी ने कहा कि भारत में इथेनॉल मिश्रण का विचार सर्वप्रथम पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान दस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पांच प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन केवल एक दशमलव 4 प्रतिशत मिश्रण ही हासिल किया जा सका था।

---

मुजफ्फरपुर साहेबगंज से भाजपा विधायक राजू कुमार सिंह को गैर इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट के मामले में चार साल की सजा सुनाई गई है। दिल्ली की एक अदालत ने सुनवाई करते हुए विधायक को इस मामले में दोषी पाया न्यायालय ने पीड़ित परिवार को पच्चीस लाख रूपया मुआवजा देने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि दिल्ली के फतेहपुर बेरी स्थित राजू सिंह के भाई के फॉर्म हाउस में पार्टी के दौरान हर्ष फायरिंग में एक डॉक्टर की मौत हो गई थी।

---

प्रदेश में मानसून की रफ्तार धीमी पड़ने से बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। इसके चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना सहित राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

———बाइट———

———————————————————————————————————

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान—एम्स, पटना में आज कम्युनिकेशन इन हेल्थकेयर विषय पर राष्ट्रीय शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी करेंगे। कार्यक्रम में 650 से 700 चिकित्सक, चिकित्सा शिक्षक, विशेषज्ञ, स्नातकोत्तर विद्यार्थी, नर्सिंग अधिकारी और स्वास्थ्यकर्मी भाग ले रहे हैं।

———बाइट———

सहानुभूति से रोगी सुरक्षा तकरू क्लिनिकल प्रैक्टिस में प्रभावी व्यावसायिक संचार को सशक्त बनाना विषय पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं में प्रभावी संवाद, रोगी सुरक्षा, टीमवर्क, विश्वास एवं रोगी—केंद्रित चिकित्सा को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम चिकित्सा शिक्षा, व्यावसायिक उत्कृष्टता और रोगी—केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड, एनबीईएमएस और सोसाईटी फॉर कम्युनिकेशन इन हेल्थकेयर, इंडिया के सहयोग से कम्युनिकेशन इन हेल्थकेयर विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

———————————————————————————————————

समस्तीपुर के मटिऔर गंगा तट पर निर्माणाधीन ताजपुर बख्तियापुर गंगा सेतू का स्लैब गिरने से पांच मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये है। सभी घायलों को पटना स्थित पीएमसीएच रेफर किया गया है। पथ निर्माण विभाग ने घटना स्थल पर तकनीकी जांच और मरम्मत का काम शुरू कर दिया है।

———————————————————————————————————

भागलपुर जिले में जल संसाधन विभाग ने बांध सुरक्षा और तटबंध कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभाग के सचिव चन्द्रशेखर सिंह ने प्रयुक्त होने वाले बोल्डर की पर्याप्त मात्रा में भंडारण और क्रेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, स्थल पर उपस्थित अभियंताओं को कैंप करके कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश गया।

———————————————————————————

अररिया जिले के सीमावर्ती गांवों के समग्र विकास के लिए वीवीपी–2 की समीक्षा की गई। समीक्षात्मक बैठक में जिलाधिकारी विनोद दूहन ने जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में खेल संस्कृति और आजीविका बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश।

पटना जंक्शन पर रेल पुलिस ने प्लेटफॉर्म नंबर एक से एक फर्जी दारोगा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस दौरान फर्जी आई कार्ड और बीएमपी हवालदार के दस्तावेज बरामद किये। आरोपी की पहचान जहानबाद निवासी के रूप में हुई है।

———————————————————————————

महाराष्ट्र के नागपुर में संपन्न उनतालीसवीं राष्ट्रीय अंडर सेवन ओपन चेस चैंपियनशिप में बिहार के रूद्र प्रताप पहली रैंकिंग प्राप्त कर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया है। रूद्र प्रताप ने लगातार आठ मैच जीतकर एक राउंड पहले ही खिताब अपने नाम किया। इस प्रदर्शन के आधार पर रूद्र प्रताप को आगामी विश्व कप और एशियन यूथ चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए भी चयनित किया गया है। रूद्र प्रताप मुजफ्फरपुर जिले के रहने वाले है।

वहीं, सोलहवीं जूनियर राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के लिए आज राजगीर स्थित स्पोर्टस् कॉन्क्लेव में चयन ट्रायल का आयोजन किया गया है। यह प्रतियोगिता तमिलनाडु के कोयम्बटूर में अट्ठाईस अगस्त को आयोजित की जायेगी। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने राज्य के सभी जिला हॉकी संघों को अपने क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया में भाग लेने का निर्देश दिया है। चयन ट्रायल में खिलाड़ियों को हॉकी इंडिया का पहचान पत्र, सरकार की ओर से जारी पहचान पत्र और आवश्यक दस्तावेज के साथ आना अनिवार्य किया है।

भागलपुर में जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी बाल अंडर फिफ्टीन और अंडर सेवेंटीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंडर सेवेंटीन बालक वर्ग में इंटर लेवल मुस्लिम हाई स्कूल विद्यालय और अंडर फिफ्टीन वर्ग में आरएचएमटीबी उच्च विद्यालय बरारी भागलपुर की टीम ने राज्यस्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता को क्वालीफाई किया है।

———————————————————————————

वित्त विभाग के तत्कालीन संयुक्त सचिव मुमुक्छु चौधरी को ठेकेदार रिशु श्री को सरकारी टेंडर देने के मामले में निलंबित किया गया है। मुमुक्छु चौधरी की गिरफ्तारी के बाद यह कार्रवाई की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दिया है। इस मामले में मुमुक्छु चौधरी सहित सात लोगों के खिलाफ विशेष निगरानी कोर्ट में चार्जशीट भी दाखिल कर दी गई है।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के बलिराजगढ़ में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की ओर से संचालित उत्खनन कार्य के लिए जिला प्रशासन ने समीक्षा बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने उत्खनन कार्य की वर्तमान स्थिति, प्राप्त पुरातात्विक अवशेषों और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि बलिराजगढ़ केवल बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश का महत्त्वपूर्ण पुरातात्विक धरोहर है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी अखबारों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है–नये अपराधिक कानून पर बोधगया सम्मेलन में मुख्यमंत्री का ऐलान। बिहार में सौ फास्ट ट्रैक गठित होंगे।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– ई–ट्वेंटी पेट्रोल से दो से छह प्रतिशत तक घट सकता है गाड़ियों का माइलेज।

**दैनिक भास्कर** ने ड्राईविंग लाईसेंस से जूड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है। अगस्त से बदलेगा डीएल नियम। लर्निंग लाइसेंस से पहले ट्रेनिंग सर्टिफिकेट जरूरी।

**प्रभात खबर** ने किक्रेट के बढते सितारे वैभव सूर्यवंशी की भारतीय टीम में डेब्यू से जुड़ी खबर को अपनी पहली लीड बनाते हुए लिखा है। वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास। बिहार का वैभव भारत का सूर्य।

**आज अखबार** का शीर्षक है—पटना में धारा एक सौ तिरेसठ लागू। चुनाव प्रचार और हथियारों के प्रदर्शन को सख्ती। बांकीपुर चुनाव को लेकर पटना पुलिस अलर्ट।

**राष्ट्रीय सागर** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है— भारत सबसे बड़े ऊजौ संकट से उबरा।

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूसरे और तीसरे श्रेणी के शहरों में हवाई यात्रा को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना विकसित उड़ान का अगला चरण शुरू किया।

02. बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र बीस जुलाई से शुरू होगा। पच्चीस जुलाई तक चलेगी की कार्रवाही।

03. केन्द्र सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने और कीमतों पर नियंत्रण के लिए प्याज का खरीद मूल्य तेरह प्रतिशत बढ़कार दो हजार एक सौ पच्चीस रुपये प्रति क्विंटल किया।

04. और, महाराष्ट्र के नागपुर में संपन्न राष्ट्रीय अंडर सेवन ओपन चेस चैंपियनशिप में बिहार के रूद्र प्रताप चैंपियन।

---

समाप्त